मूल्य 1 रु.
वर्षः 11 - अंक : 213, मुंबई, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# अफगानिस्तान के मुद्दे पर G20 की बैठक आज

## PM मोदी भी होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अफगानिस्तान पर जी20 की बैठक में मंगलवार को वर्चुअली शामिल होंगे। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय ने बताया है कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में इटैलियन प्रेसिडेंसी के बुलावे पर हिस्सा लेंगे। एक विज्ञप्ति के माध्यम से विदेश मंत्रालय ने बताया है कि इस बैठक में अफगानिस्तान में पैदा हुई मानवीय त्रासदियों पर भी वार्ता होगी। इसके अलावा सुरक्षा, आतंकवाद, शरणार्थियों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इससे पहले अफगानिस्तान से सैन्य वापसी के बाद अमेरिका और तालिबान के बीच शनिवार और रविवार को दोहा में पहली बार बातचीत हुई। दोहा वार्ता के बाद अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक अधिकारिक बयान में कहा कि तालिबान को उसके शब्दों से नहीं, बल्कि उसके द्वारा किए गए



कामों के आधार पर आंका जाएगा।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, अमेरिका के एक अंतर-एजेंसी प्रतिनिधिमंडल ने तालिबान के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ दोहा में बात की। दोनों देशों ने सुरक्षा और आतंकवाद की चिंताओं के साथ ही अमेरिकी नागरिकों और हमारे अफगान भागीदारों के लिए सुरक्षित यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया। मानवाधिकार मुद्दे पर भी बात की, जिसमें अफगान समाज के सभी पहलुओं में महिलाओं और लड़कियों की सार्थक भागीदारी शामिल है।

### समावेशी सरकार बनाने को तैयार है तालिबान

दोहा में तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने कहा कि तालिबान अफगानिस्तान में समावेशी सरकार बनाने के लिए तैयार है, लेकिन चयनात्मक सरकार बनाने के लिए तैयार नहीं है। खामा प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार के लिए अमेरिका के दबावों के जवाब में, शाहीन ने कहा कि उन्होंने अपनी कार्यवाहक सरकार में जातीय अल्पसंख्यकों को शामिल किया है और जल्द ही इसमें महिलाओं को शामिल किया जाएगा।

# पुष्पक एक्सप्रेस में युवती से हुए गैंगरेप के सभी 8 आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई।** महाराष्ट्र में इगतपुरी और कसारा रेलवे स्टेशनों के बीच लखनऊ-मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस ट्रेन में 20 वर्षीय एक युवती के साथ किए गए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शुक्रवार रात हुई। आरोपी मुंबई आ रही ट्रेन में इगतपुरी स्टेशन से चढ़े। यह कथित अपराध तब हुआ जब ट्रेन घाट खंड से गुजर रही थी। पुलिस ने तब इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया था। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस मामले में अब सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

# महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के ठिकानों पर CBI ने मारा छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के कई परिसरों में सोमवार को छापेमारी शुरू की। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि देशमुख के नागपुर और मुंबई स्थित परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। एजेंसी ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी कि छापेमारी किस मामले में की जा रही है। CBI ने देशमुख और कुछ अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ आपराधिक साजिश रचने तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत सार्वजनिक कर्तव्यों के अनुचित एवं बेईमानी पूर्ण निर्वहन के जरिए अनुचित लाभ अर्जित करने की कोशिश का मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को हटाए जाने के बाद के घटनाक्रम में देशमुख के खिलाफ ये आरोप सामने आए थे। सीबीआई ने दो सितंबर को देशमुख के वकील आनंद डागा और अपने ही सब-इंस्पेक्टर अभिषेक तिवारी को देशमुख के खिलाफ प्रारंभिक जांच से संबंधित गोपनीय दस्तावेज कथित तौर पर लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर)



# आर्यन खान को नहीं मिली जमानत, अब बुधवार को होगी याचिका पर सुनवाई

मुंबई। क्रूज ड्रग्स पार्टी केस में गिरफ्तार किए गए बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के वकीलों ने एक बार फिर सेशंस कोर्ट में उसकी जमानत याचिका दाखिल की है। इस पर कोर्ट ने सोमवार को मामले की सुनवाई की तारीख 13 अक्टूबर तय की है। अब बुधवार को आर्यन खान की जमानत पर सुनवाई होगी। इससे पहले आर्यन खान की जमानत याचिका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट में खारिज हो चुकी है।

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कोर्ट से इस मामले में एक हफ्ते का समय देने की मांग की थी। हालांकि कोर्ट ने एनसीबी को बुधवार तक का समय दिया है। इस मामले में एनसीबी के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े का कहना है, हम और अभियोजन पक्ष प्रयास करेंगे कि मामला तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचे। हमारा केस मजबूत है और हम इसे कोर्ट में पेश करेंगे। विशेष न्यायाधीश वी वी पाटिल राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम से



संबंधित मामले पर सुनवाई कर रहे थे। अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। एनसीबी ने गोवा जा रहे कॉर्डेलिया क्रूज के पोत पर छापेमारी के बाद तीन अक्टूबर को आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। वह अभी मुंबई में आर्थर रोड जेल में बंद हैं। उन्होंने पिछले सप्ताह जमानत के लिए मजिस्ट्रेट अदालत का रुख किया था, जिसने कहा था कि उसके पास जमानत आवेदन पर विचार करने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि मामले पर विशेष अदालत सुनवाई करेगी। इसके बाद आर्यन ने विशेष अदालत का रुख किया था। (शेष पृष्ठ 6 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### अंतरिक्ष में राजा चारी

भारत और इसके विज्ञान के लिए भी ये गौरव के क्षण हैं, जब भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री राजा चारी स्पेसएक्स-नासा सहयोगी क्रू-3 मिशन का नेतृत्व करेंगे। यह यान महीने के अंत में चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक ले जाने की तैयारी में जुटा है। इस अभियान के तहत राजा चारी, टॉम मार्शबर्न और कायला बैरोन के अलावा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के यात्री मथायस मौरर भी अंतरिक्ष स्टेशन पर जाएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, चार अंतरिक्ष यात्री 31 अक्तूबर को फ्लोरिडा में नासा के केनेडी स्पेस सेंटर से रवाना होंगे। अंतरिक्ष यात्री के रूप में राजा चारी के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि वह इस दल का नेतृत्व करेंगे। प्रारंभ से समापन तक वह अभियान के हर चरण के लिए जिम्मेदार होंगे। भारतीय पिता श्रीनिवास चारी तेलंगाना से अमेरिका गए थे और राजा चारी का जन्म वहीं हुआ है। वह अमेरिकी वायु सेना के पायलट हैं और साल 2017 में उनका चयन अंतरिक्ष यात्री के रूप में हुआ था। अब वह अपनी योग्यता के आधार पर ताजा अंतरिक्ष अभियान के कमांडर के रूप में चयनित हुए हैं।

मिल्वौकी में जन्मे राजा चारी की यह पहली अंतरिक्ष उड़ान होगी। अमेरिकी वायु सेना में कर्नल राजा चारी को 2,500 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वाकई अब 31 अक्तूबर पर दुनिया की निगाह होगी। गौर करने की बात है कि विगत 15 सितंबर को चार आम नागरिकों का दल अंतरिक्ष यात्रा पर गया था और उसे भी दुनिया में बहुत गौर से देखा गया था। अंतरिक्ष यात्री के रूप में दो साल तक प्रशिक्षण लेने के बाद दिसंबर 2020 में चारी को आर्टेमिस टीम का एक हिस्सा बनने के लिए चुना गया था, जो अंतरिक्ष यात्रियों का खास समूह है। यह अभियान 2024 में चंद्र सतह पर चहलकदमी के लिए पहली महिला और अगले पुरुष को भेजने से पहले की तैयारी की ही एक कड़ी है। बताया जा रहा है कि नासा को वर्षों बाद कोई ऐसा अंतरिक्ष यात्री मिला है। 44 वर्षीय चारी अमेरिका के इराक अभियान का हिस्सा रहे हैं और सेना के सम्मानित अधिकारी हैं। उन्हें अपने दल के साथ आगामी छह महीने अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताने हैं और अगले अभियान संबंधी शोध को आगे बढ़ाना है।

आजकल अंतरिक्ष स्टेशन पर अनेक तरह के प्रयोग का दौर जारी है। अंतरिक्ष में रहने के लिए न केवल यात्रियों को अभ्यस्त किया जा रहा है, बल्कि नासा अपने अंतरिक्ष केंद्र पर अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण को भी लगातार विकसित कर रहा है। आगे वाले दिनों में मंगल या चांद संबंधी अभियानों में ज्यादा कुशल अंतरिक्ष यात्रियों की जरूरत पडेगी। राजा चारी की अब तक की सफलता शानदार है और अगर वह आगे भी अपनी कुशलता साबित करते हैं, तो चांद या मंगल की ओर जाने वाले अभियानों के लिए भी उनका चयन संभव है। राजा चारी से पहले भारतीय मूल की कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, भारतीय राकेश शर्मा और सबसे हाल ही में भारतीय मूल की अमेरिकी शिरीषा बंदला को अंतरिक्ष यात्रा का सौभाग्य मिल चुका है। राजा चारी भारतीय मूल के पांचवें अंतरिक्ष यात्री होंगे। उनकी सफलता से भारतीय वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों को भी प्रेरणा मिलेगी। भारत को भी अपने अंतरिक्ष विज्ञान पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। जरूरी है कि हम भी अंतरिक्ष में मानव अभियान भेजने में निकट भविष्य में सक्षम बनें।

# युवा मन और नशे की चुनौती

**जिम्मेदारी माता-पिता की है कि वे जल्दी नयी परिस्थितियों से सामंजस्य बैठाएं, ताकि बच्चे से संवादहीनता की स्थिति न आने पाए।**

**फिल्मी** दुनिया में एक बार फिर ड्रग्स की चर्चा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को मुंबई में एक क्रूज पर चल रही एक रेव पार्टी से गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने ड्रग्स खरीदे और उनका सेवन किया था। हालांकि अदालत में आर्यन खान के वकील ने कहा कि एनसीबी को आर्यन खान के पास से ड्रग्स नहीं मिले थे। उन्हें मैसेज चैट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।

एनसीबी का दावा है कि उनके पास से ड्रग्स बरामद हुए थे। इस चर्चित गिरफ्तारी के बाद से रेव पार्टियों और ड्रग्स के इस्तेमाल पर बहस शुरू हो गयी है। हाल के वर्षों में रेव पार्टियों की चर्चा अधिक हुई है। जो सूचनाएं सामने आयी हैं, वे चिंताजनक हैं। ये पार्टियां गुपचुप तरीके से आयोजित की जाती हैं और इनमें ड्रग्स और शराब का कॉकटेल होता है। वैसे तो ये पार्टियां बेहद अमीर लोगों के लिए होती हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मध्य वर्ग के युवा भी इनका हिस्सा बन रहे हैं।

कुछ समय पहले चर्चित अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की जांच में नशे का एक पहलू पाया गया था। इस मामले में पहले रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शौविक चक्रवर्ती गिरफ्तार हुए थे। तब भाजपा सांसद और अभिनेता रवि किशन ने लोकसभा में फिल्म इंडस्ट्री में ड्रग्स के इस्तेमाल का मुद्दा उठाया था। ड्रग्स के बारे में अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी सनसनीखेज बयान देते हुए कहा था कि बॉलीवुड के 99 फीसदी लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं।

हालांकि राज्यसभा में समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने कहा था कि कुछ लोगों की वजह से पूरी इंडस्ट्री की छवि खराब नहीं की जा सकती। हाल में गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर टेल्कम पाउडर के नाम से आयातित लगभग तीन हजार किलो हेरोइन पकड़ी गयी थी, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 21 हजार करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

इसे अफगानिस्तान से भेजा गया था और यह ईरान के रास्ते भारत पहुंची थी और पश्चिमी देशों को भेजी जा रही थी। एनआइए इस मामले की छानबीन कर रहा है। कहने का आशय यह है कि नशे की समस्या से जुड़ी चुनौती निरंतर बढ़ती जा रही है। यह समस्या केवल फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं है।

स्कूली और कॉलेज छात्रों में मादक पदार्थों का सेवन तेजी से बढ़ा है। वे कई बार कफ-सिरप और दर्दनाशक दवाओं का इस्तेमाल भी नशे के लिए करते हैं। नशा सिर्फ एक खास इलाके तक सीमित नहीं रहता है और यह धीरे-धीरे आसपास के क्षेत्रों को भी अपनी जद में ले लेता है। दरअसल, नशा एक व्यापक सामाजिक समस्या बन गया है, जो परंपरागत पारिवारिक ढांचे के बिखराव, स्वच्छंद जीवन शैली और युवाओं से साथ संवादहीनता के साथ बढ़ा है।



मैंने महसूस किया है कि माता-पिता और बच्चों में संवादहीनता की स्थिति है। एक ब्रिटिश मनोविज्ञानी से मुलाकात का उल्लेख यहां करना चाहूंगा। वे एक रिसर्च के सिलसिले में भारत आयी थीं। मैंने उनसे पूछा कि उन्होंने भारत में क्या देखा, तो उन्होंने कहा कि भारतीय मां-बाप बच्चों को लेकर ह्यनहींह्न का इस्तेमाल बहुत करते हैं।

वे बात-बात में यह नहीं, वह नहीं, ऐसा नहीं, वैसा नहीं, यहां मत जाओ, ऐसा मत करो, वैसा मत करो, का बहुत अधिक इस्तेमाल करते हैं। उनका कहना था कि ऐसा सोच समझ कर किया जाना चाहिए। इससे बच्चों में एक तो नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, उनका मन विद्रोही हो सकता है, दूसरे अत्यधिक इस्तेमाल से बच्चों पर 'नहीं' का असर समाप्त हो जाता है।

जहां आवश्यकता हो, वहां जरूर इसका इस्तेमाल करें। आपके बच्चे में बहुत परिवर्तन आ चुका है। विदेशी पूंजी और तकनीक जब आती है, तो अपने साथ एक वातावरण और संस्कृति भी लाती है। दिक्कत यह है कि हम यह तो चाहते हैं कि पूंजी आए, लेकिन साथ आनेवाले वातावरण को हम स्वीकार नहीं करते। आप गौर करें कि आपके बच्चे के सोने-पढ़ने के समय, हाव-भाव और खान-पान सब बदल चुके हैं। हम या तो आंख मूंदे हैं या इसे स्वीकार नहीं करते।

आप सुबह पढ़ते थे, बच्चा देर रात तक जागने का आदी है। आप छह दिन काम करने के आदी हैं, बच्चा सप्ताह में पांच दिन स्कूल जाता है। उसे मैगी, मोमो, बर्गर, पिज्जा से प्रेम है, आप अब भी दाल रोटी पर अटके हैं। यह व्हाट्सएप की पीढ़ी है, यह बात नहीं करती, मैसेज भेजती है, लड़के-लड़कियां दिन-रात आपस में चैट करते हैं। आप अब भी फोन कॉल पर ही अटके पड़े हैं।

पहले माना जाता था कि पीढ़ियां 20 साल में बदलती है, पर तकनीक ने इस परिवर्तन को 10 साल कर दिया और अब नयी व्याख्या है कि पांच साल में पीढ़ी बदल जाती है। होता यह है कि अधिकतर माता-पिता नयी परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के बजाए पुरानी बातों का रोना रोते रहते हैं। अब जिम्मेदारी आपकी है कि आप जितनी जल्दी हो सके, इससे सामंजस्य बैठाएं, ताकि बच्चे से संवादहीनता की स्थिति न आने पाए। ऐसा न हो कि कहीं वह नशे के जाल में उलझ जाए और आपको पता तक न चले। प्रभात खबर ने कोरोना काल से पहले झारखंड में बचपन बचाओ अभियान चलाया था। इसमें प्रभात खबर की टीम विभिन्न स्कूलों में जाती थी, उनके साथ मनोविशेषज्ञ भी होते थे।

हम भी जानना चाहते हैं कि बच्चे क्या सोच रहे हैं, कैसे सोच रहे हैं, उनकी महत्वाकांक्षाएं क्या हैं। हमने पाया कि माता-पिता बच्चे से कुछ भी कहने से डरते हैं कि वह कहीं कुछ न कर ले। प्रभात खबर के ऐसे ही एक कार्यक्रम में मुझे भी बच्चों से रूबरू होने का मौका मिला। एक स्कूल के हॉल में लगभग 800 बच्चे रहे होंगे। सवाल-जवाब के दौरान शुरू में बच्चों ने थोड़ा संकोच किया, लेकिन बाद में वे मुखर होते गये। लगभग 90 फीसदी बच्चों के सवाल माता-पिता और करियर पर केंद्रित थे।

वे परिवार की मौजूदा व्यवस्था से संतुष्ट नजर नहीं आये। बच्चों ने पूछा कि माता-पिता उनकी तुलना दूसरे बच्चों से क्यों करते हैं, अपनी सोच क्यों थोपते हैं, बच्चों पर हरदम शक क्यों किया जाता है, माता-पिता उनके करियर का फैसला क्यों करते हैं। ये गंभीर सवाल हैं, जिन्हें आज हर बच्चा अपने माता-पिता से पूछ रहा है। इन सवालों का जवाब हम सबको तलाशना है, तभी हम युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित कर पायेंगे और उन्हें अप्रिय परिस्थितियों में फंसने से बचा पायेंगे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस. खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, **फोन:9619102478 /9821238815** email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस. खान**,
समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# ए एम आई एम के नेता जावेद सिद्दीकी ने उठाया घासवाला कंपाउंड के गार्डन का मुद्दा


जावेद सिद्दीकी

संवाददाता / समद खान

**मुंब्रा।** ए आई एम आई एम के वरिष्ठ नेता जावेद सिद्दीकी ने मनपा प्रशासन द्वारा किया गया जमीनी हेरफेर का पर्दाफाश किया है। यह सुनकर होश उड़ गए घासवाला कंपाउंड स्थित गार्डन जो कि हाल ही में राजनेता द्वारा करुणा काल के समय में उद्घाटन किया गया। इस गार्डन का उन्होंने खुलासा कुछ इस तरह से किया है। यह गार्डन जिस जमीन पर बनाया गया है। वह जमीन मनपा प्रशासन की आरक्षित जमीन है, इस पर किसी तरह का निर्माण कार्य मनपा प्रशासन द्वारा और नगर विकास विभाग द्वारा पारित नहीं किया गया है। यह जानकारी उनको मनपा प्रशासन द्वारा दी गई। माहिती अधिकार के माध्यम से जानकारी प्राप्त की गई। ऐसे में सवाल यह उठता है, अगर मनपा प्रशासन की जमीन पर कोई निर्माण कार्य पारित नहीं था। तो इस सरकारी जमीन पर गार्डन सत्ताधारी पार्टी द्वारा कैसे निर्माण किया गया। इसका नामकरण धार्मिक गुरु मौलाना शोएब के नाम पर कैसे रखा गया। क्या मानपा प्रशासन सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर कुछ भी हेरफेर करने को तैयार हैं। इसका जवाब उन्होंने मानपा प्रशासन से मांगा है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने कहा चांदनगर परिसर में और एमएम वैली में पानी की टाकी का उद्घाटन सत्ताधारी पार्टी के नेता द्वारा किया गया। उसकी हकीकत का खुलासा करते हुए बताया गया। यह पानी की टाकी नहीं है, बल्कि पंप रूम का उद्घाटन किया गया है। वह भी चांदनगर परिसर में उपचुनाव को मध्य नजर रखते हुए यह नारियल फोड़ा गया है, और श्रेय लेने के चक्कर में यह उद्घाटन किया गया। उन्होंने पानी की टाकी के बारे में बताया कि पानी पुरवठा विभाग से उन्होंने जानकारी हासिल की है, कि मुंब्रा कौसा में 11 पानी की टाकी और उसे बनाने के लिए 212 करोड रुपए की निधि भी मानपा प्रशासन द्वारा मंजूरी दी गई है। लेकिन उन्होंने कहा यह बात समझ से परे है कि मानपा प्रशासन गार्डन बनाने के लिए आरक्षित जमीन तो दे रही है। लेकिन पानी की टाकी के लिए यह कहा जा रहा है कि मनपा प्रशासन के पास खाली जमीन नहीं है। जबकि जावेद सिद्दीकी ने कहा है ऐसी कई एक जमीन सातबारा की है। जो मुंब्रा कौसा में खाली पड़ी है, जिस पर मनपा प्रशासन चाहे तो पानी की टाकी का निर्माण कर सकती है। लेकिन क्यों नहीं कर रही है। अपना पल्ला क्यों झाड़ रही है। यह बात समझ में नहीं आ रही जबकि सत्ताधारी पार्टी को चाहिए कि, यह सवाल मानपा प्रशासन से करें अगर पानी की टाकी मुंब्रा कौसा में बन जाती है। तो मुंब्रा कौसा की तमाम इमारत को आने वाले समय में टोरेंट के बिजली के बिल से राहत मिल जाएगी क्योंकि, पानी का टाकी का प्रेशर इतना होता है। यह सीधे इमारत में बनी पानी की टाकी में सीधा बिना पानी के पंप के चला जाएगा। गौरतलब, बात यह है यह जो मुद्दा घासवाले कंपाउंड का जो विपक्ष दल के जावेद सिद्दीकी द्वारा उठाया जा रहा है। यह किस हद तक रामबाण साबित होता है। आने वाले चुनाव में सिद्ध हो जाएगा और सत्ताधारी पार्टी इस विषय को कितनी गंभीरता लेती है, और इसका जवाब सत्ताधारी पार्टी किन शब्दों में देती है। यह आने वाले समय में स्पष्ट हो जाएगा और मनपा आयुक्त विपिन शर्मा इस जमीनी घोटाला को लेकर क्या निर्णायक कदम उठाते हैं, और कितनी गंभीरता से इस मामले को लेते हैं और क्या जांच के आदेश देते हैं यह देखने वाली बात होगी।

# गणेश चौरसिया के परिवार वालों का आरोप मेरे बेटे की हत्या उमेश चौरसिया ने की है



संवाददाता,

**दिवा।** गत 6 सितंबर सोमवार से लापता हुआ गणेश चौरसिया की लाश 8 सितंबर को खड़ी गांव के तालाब से बरामद की जाती है। शील डायगर पुलिस पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए कलवा के छत्रपति शिवाजी अस्पताल में भेज दिया। परंतु परिजनों द्वारा गणेश चौरसिया की मृत्यु के बारे में यह बताया जा रहा है। एक महीना बीत गया अब तक पुलिस इस मामले में गंभीरता से छानबीन नहीं कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुलिस द्वारा यह बताया जा रहा है। ऊपरी हिस्सा मैं किसी प्रकार का कोई डैमेज नहीं है, और नीचे हिस्से में जांच हो गई है। परंतु इसको रिजर्व के लिए रखा है। परिवार वालों ने खुले तौर पर पुलिस पर यह आरोप लगाया है, कि पुलिस इस हत्या को आत्महत्या बनाने की कोशिश कर रही है। जबकि हम लगातार यह कह रहे हैं मेरे बेटे की मौत नहीं हत्या हुई है, और हत्या करने वाला मेरा चाचा उमेश चौरसिया है।

मेरे बेटे के गले में 40 हजार की सोने की चेन थी और मोबाइल भी था वह भी नहीं मिला। मुझे पूरा यकीन है क्योंकि वही मेरे बेटे को आखरी वक्त कांदा दिलाने के लिए अपने साथ ले गया था, और उसके बाद मेरे बेटे की 3 दिन बाद यह खबर आ गई। और तो और वह अभी घर से फरार हो गया है, और परिवार वालों ने इस गणेश चौरसिया की मौत को लेकर कुछ चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं, कि हमारे परिवार में जमीनी विवाद भी चल रहा है। गांव में और उसी रंजिश को लेकर मेरे बेटे की उमेश चौरसिया ने हत्या कर दी। और इस उमेश चौरसिया के गांव में कई अपराधिक मामले भी दर्ज हैं। हम लगातार पुलिस से यह कह रहे हैं कि मेरे बेटे की हत्या उमेश चौरसिया ने की है। और पुलिस हमसे कहती है, कि सुबूत लेकर आओ जबकि पुलिस का काम है। सबूत लाना हमने शुरू में कई बार पुलिस से मिन्नतें भी की उमेश चौरसिया को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन बुलाओ लेकिन पुलिस ने हमारी एक न सुनी इस केस मे जांच अधिकारी एपीआई मलिक है। परिजनों ने पुलिस आयुक्त से निवेदन की है। इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए और कृपया हमें न्याय दिया जाए आपसे निवेदन है।

# प्रयागराज में फर्जी आईपीएस गिरफ्तार



प्रयागराजः एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट ने एक फर्जी आईपीएस को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया फर्जी आईपीएस विपिन कुमार चौधरी बड़ी अढ़ौली कुम्हियांवा महेवाघाट कौशांबी का रहने वाला है। आरोपी फतेहपुर में आठ अक्टूबर को एक प्राइमरी स्कूल की जांच करने पहुंचा था। उसने परसिद्धपुर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक राजेश सिंह को खुद को एसटीएफ लखनऊ का आईपीएस बताया। आरोपी ने अपना नाम रवीन्द्र कुमार पटेल बताया। वह वर्दी में था और कहा शिक्षा मित्र सुशील कुमार सिंह की जांच करने आया हूं। शिक्षामित्र सुशील कुमार की उपस्थिति का पूरा विवरण प्राप्त किया। वर्ष 2006 से लेकर 2019 के प्रत्येक पृष्ठ की छाया प्रति हासिल की और उसकी रिसीविंग भी शिकायतकर्ता को दी। सुशील कुमार सिंह मौजूदा समय में प्राथमिक विद्यालय मनकापुर सरसावा कौशांबी में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत हैं।

आरोपी ने राजेश सिंह और सुशील सिंह दोनों को फोन कर जेल भेजने की धमकी दी। इसके साथ उन्हें लगातार ब्लैकमेल करता रहा। फर्जी आईपीएस ने दोनों को प्रयागराज के पीएचक्यू गेस्ट हाउस में ठहरे होने की जानकारी दी और दोनों को मिलने के लिए भी बुलाया। दोनों के पीएचक्यू गेस्ट हाउस पहुंचने पर उसने हाईकोर्ट हनुमान मंदिर के सामने बुलाया। लेकिन आरोपी खुद वहां नहीं मिला तो उन्हें शक हुआ। उन्होंने एसटीएफ प्रयागराज यूनिट को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद एसटीएफ ने जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। फर्जी आईपीएस के खिलाफ सिविल लाइन थाने में वादी राजेश सिंह की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। आईपीसी की धारा 170,171, 419 और 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## पुष्पक एक्सप्रेस में युवती से हुए गैंगरेप के सभी 8 आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों की पहचान प्रकाश उर्फ पाक्या दामू पारधी (20), अरशद शेख (19), अर्जुन उर्फ पाव्या सुभाष सिंह परदेशी (20), किशोर नंदू सोनवाने उर्फ कालिया (25), काशीनाथ रामचंद्र तेलम काश्या (23), आकाश शेनोर उर्फ आक्या (20), धनंजय भगत उर्फ गुड्डू (19) और राहुल आडोले उर्फ राहुल्या (22) के रूप में हुई है। सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी के अनुसार, ट्रेन में चढ़ने से पहले आरोपियों ने गांजा का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि आरोपियों की ट्रेन में लूटपाट की योजना नहीं थी। लेकिन, ट्रेन में चढ़ने के बाद आरोपियों में से एक ने चाकू दिखा कर एक यात्री का सामान लूटने की कोशिश की। भयभीत यात्री ने उन्हें नकदी दे दी। आरोपियों का हौसला बढ़ गया और उन्होंने अन्य यात्रियों को भी चाकू दिखा कर धमकाने का प्रयास किया। उन्हें लगा था कि अंधेरे में उनकी पहचान नहीं हो पाएगी।

पुलिस उपायुक्त (जीआरपी) मनोज पाटिल ने बताया कि इस मामले से जुड़े सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों में से चार का आपराधिक रिकॉर्ड है जबकि बाकी के खिलाफ पहले से कोई मामला दर्ज नहीं है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने 16 यात्रियों से नकदी लूटी और नौ मोबाइल फोन छीन लिए। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने 20 वर्षीय महिला से दुष्कर्म किया। महिला की हाल में ही शादी हुई थी और वह अपने पति के साथ मुंबई रहने जा रही थी। महिला के पति ने जब पत्नी को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर हमला किया। जीआरपी ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 395 (डकैती), 376 (डी)-सामूहिक दुष्कर्म के तहत मामला दर्ज किया है।

## महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के ठिकानों पर CBI ने मारा छापा

एजेंसी ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश पर एक शुरूआती जांच शुरू की थी अदालत ने देशमुख के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए निर्देश जारी किए थे। देशमुख को कथित तौर पर क्लीन चिट देने की शुरूआती जांच की रिपोर्ट लीक हो गई थी जिससे एजेंसी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। सीबीआई ने इस रिपोर्ट के लीक होने की जांच शुरू की जिसमें सामने आया कि प्रारंभिक जांच के निष्कर्ष प्रभावित हैं। लीक हुए निष्कर्ष में सामने आया कि मामले की जांच कर रहे पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ने कथित तौर पर कहा था कि देशमुख के खिलाफ कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है। बाद में डीएसपी की राय विपरीत इसे FIR में बदल दिया गया। FIR में उल्लेखित राय में कहा गया है कि देशमुख के खिलाफ संज्ञेय अपराध बनता है। CBI की FIR में आरोप लगाया गया, शुरूआती जांच में सामने आया कि मामले में संज्ञेय अपराध बनता है जहां महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख और अज्ञात अन्य ने अपने सार्वजनिक कर्तव्य के अनुचित और बेईमान प्रदर्शन करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया है।

## आर्यन खान को नहीं मिली जमानत, अब बुधवार को होगी याचिका पर सुनवाई

आर्यन खान के वकील अमित देसाई ने सोमवार को जमानत याचिका का जिक्र किया तो एनसीबी के वकील ए एम चिमलकर और अद्वैत सेठना ने जवाब देने और हलफनामा दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा। उन्होंने कहा कि मामले की जांच अब भी जारी है, एजेंसी द्वारा काफी सामग्री भी एकत्र की गई है और इस स्तर पर, यह देखने की जरूरत है कि क्या आर्यन खान को जमानत पर रिहा करने से मामले की जांच में बाधा आएगी या नहीं। देसाई ने हालांकि इसका विरोध किया और कहा कि यह एक व्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल है। उन्होंने तर्क दिया कि आरोपी को जमानत पर रिहा करने से मामले में जांच बंद नहीं होगी।









# देश भर से खोजकर निकाले कोरोना योद्धाओं का सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ !

**संवाददाता,**

भारत की राजदूत डॉ. ताहेरा एहसान द्वारा भारत में उन लोगों का चयन किया गया। जिन्होंने अपने जीवन में अपने कर्तव्य परायणता का परिचय देकर इस देश का नाम रौशन किया है। अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस यू. एस. ए द्वारा पद्मश्री डॉ कल्पना सरोज तथा। डॉ मन्नान गोरे को डॉक्टरेट डिग्री (honoury causa) से सम्मानित किया गया। पद्मश्री डॉ कल्पना सरोज, चेयर पर्सन हैं कल्पना सरोज फाउंडेशन की, डॉ कल्पना सरोज वह महिला हैं जिनके संघर्ष की दास्तान किसी से छुपी नहीं! डॉ कल्पना सरोज हमारे देश की एक प्रतिष्ठित महिला उद्यमी हैं जिन्होनें अपनी प्रतिभा और संकल्प से अपने देश के लिए मिसाल कायम की, 2 रूपए मजदूरी से शुरूआत की और आज करोड़ों का कारोबार खड़ा किया। अपने हौसले से समाज के लिए एक मिसाल बनाई। समाज में उनके विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें सन 2013 में राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों पद्मश्री से सम्मानित भी किया जा चुका है। अकैडमी ऑफ यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस पद्मश्री डॉ कल्पना सरोज को डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जाता है! साथ ही उन्हें ह्यूमन एक्सीलेंस गोल्डेन अवार्ड तथा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है! कोरोना काल के कठिन समय में उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें AUGP USA की तरफ से कोरोना योद्धा पुरस्कार से भी सम्मानित कियाा गया।

कोरोना काल में भी श्रीमती कल्पना सरोज ने समाज में बहुमूल्य योगदान दिया जिसकी हर तरफ प्रशंसा की जा रही है। उन्होने इस त्रासदी के समय में लोगों तक खाद्य सामग्री पहुंचाने का कार्य किया है। आदिवासी समुदाय में जरूरत की सामग्री वितरित की साथ ही पिछड़े क्षेत्रों में कई लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवा कर लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया है। इनके महान कार्य को देख कर इन्हें AUGP यूएसए कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है तथा साथ ही एक ऐसे व्यक्ति को भी डॉक्टरेट डिग्री (honoury causa) से सम्मानित किया गया जिनका परिचय किसी से छुपा नहीं।

दृष्टि मित्र फाउंडेशन के प्रमुख मन्नान गोरे की कहानी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। उन्होंने अपने संघर्ष का सफर तय कर समाज में एक अलग मुकाम हासिल किया है। श्री मन्नान गोरे ने पिछले कई वर्षों में ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के करीब 1217 गांव में ग्रामीणों की मुफ्त में आंखों की जांच चश्मों का वितरण और मुफ्त ऑपरेशन करवाएं हैं। अब तक उनके संस्था द्वारा 11 लाख लोगों की मुफ्त में आंखों की जांच की जा चुकी है। करीब 7:30 लाख लोगों को मुफ्त में चश्मों का वितरण किया जा चुका है और 46000 से अधिक लोगों की आंखों का ऑपरेशन भी उनके संस्था द्वारा करवाया गया है। लॉकडाउन के दौरान श्री मन्नान वोरा के द्वारा 17000 परिवारों के एक लाख से अधिक सदस्यों तक मदद पहुंचाई। उनके इन्हीं कार्यों को देखते हुए उन्हें द अमेरिकन यूनिवर्सिटी For ग्लोबल पीस USA की तरफ से डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जाता है! साथ ही उन्हें ह्यूमन एक्सीलेंस गोल्डेन अवार्ड तथा सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है! कोरोना काल के कठिन समय में उनके



कार्यों को देखते हुए उन्हें AUGP USA की तरफ से डॉ मन्नान गोरे को कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है! .

कोरोना काल में इनके महान कार्य को देख कर AUGP USA द्वारा पद्मश्री डॉ कल्पना सरोज और मन्नान गोरे का सम्मान अकैडमी के फाउंडर प्रोफेसर डॉ मधु कृष्ण तथा अकैडमी की भारत की राजदूत डॉ ताहेरा एहसान द्वारा सम्मानित किया गया ।

कोरोना युद्ध के इस कठिन समय में जो अपनी जान हथेली पर रख कर इस जंग में लोगों की सेवा में निरंतर लगे रहे हैं, उनमें चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, रेल्वे पुलिस फोर्स, दमकल विभाग, गुरुद्वारे, चर्च, मदरसे, दारुलकजा एवं कई रजिस्टर्ड संस्थाएँ शामिल हैं, इनमें कुछ ऐसे लोगों को भी चुना गया है जिनकी संस्थाएं नहीं होने के बावजूद उन्होनें मानवता का परिचय देते हुए बेघर गरीब प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है। और निरन्तर नागरिकों का जीवन बचाने में अपना सर्वत्र न्यौछावर किया है। इन्होंने इस महामारी से लड़ने के लिए और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए अपना योगदान दिया है। इसी श्रंखला में यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस - यू. एस. ए द्वारा उन लोगों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने भीषण महामारी के दौरान लोगों की हर संभव मदद की तथा उन तक राहत सामग्री पहुंचाई, और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कर्तव्यों को निभाया! उनमें दृष्टि मित्र फाउंडेशन के प्रमुख साकिब गोरे मुंबई थाना तथा भोपाल की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था बी. बी. एम. (brotherhood by minority) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शोएब हाशमी तथा राष्ट्रीय महासचिव सय्यद राशीद अली को सम्मानित किया गया। जिनकी सेवा सराहनीय रही। जो कोरोना युद्ध के इस कठिन समय में अपनी जान हथेली पर रख कर लोगों की सेवा में निरंतर लगे रहे हैं, उन्होनें मानवता का परिचय देते हुए बेघर गरीब प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है। और निरन्तर नागरिकों का जीवन बचाने में अपना सर्वत्र न्यौछावर किया। इस महामारी के दौर में जो परिजन अपने मृत सगे संबंधियों को लावारिस छोड़ कर अंतिम संस्कार करने से पीछे हट रहे थे, उन मृतकों को टीम बी. बी. एम. भोपाल ने उन्हें शमशान पहुँचाया



तथा कब्रिस्तान में कफन दफन की ज़िम्मेदारी उठाई। तथा अपने सभी साथियों को भी सेवा के जज्बे से लबरेज रखा। जिनमें प्रमुख सराहनीय नाम रफीक बेलिम, सलमान खान, अभिनव शर्मा, सदफ जहां, उमर खान, आमिर खान, इमरान खान, तजीम खान, अफशान मिर्जा, शाहवर खान, शाहरुख खान, अकबर खान, अनवर मोहम्मद, शहाब खान तथा इनके सभी साथी सदस्य, इनके जज्बे और इनके महान कार्य को देख कर इन्हें अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस यू. एस. ए के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. मधु कृष्ण के सानिध्य मे भारत की राजदूत डॉ ताहेरा एहसान द्वारा कोरोना योद्धा पुरस्कार एक्सीलेंस सर्टिफिकेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रोफेसर डॉ मधु कृष्ण जो AUGP वरअ संस्था के संस्थापक हैं उनका लक्ष्य दुनिया के 120 देशों तक अपनी पहचान कायम करना है। Covid-19 - कोरोना अंतराष्ट्रीय महामारी के दौरान AUGP USA तथा UNUGP USA द्वारा कई राहत कार्य किए गए हैं। भारत की राजदूत डॉ ताहेरा एहसान द्वारा भारत में उन खास 55 लोगों का चयन किया गया जिनको जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने अपने कर्तव्य परायणता का परिचय देकर इस भीषण महामारी के दौरान लोगों की हर संभव मदद की, उन तक राहत पहुंचाई, और अपनी जान की परवाह किए बगैर अपने कर्तव्यों को निभाया।


उनमें चिकित्सा विभाग, पुलिस विभाग, रेल्वे पुलिस फोर्स, दमकल विभाग, गुरुद्वारे, चर्च, मदरसे, दारुलकजा एवं कई रजिस्टर्ड संस्थाएँ शामिल हैं, इनमें कुछ ऐसे लोगों को भी चुना गया है जिनकी संस्थाएं नहीं होने के बावजूद उन्होनें मानवता का परिचय देते हुए बेघर गरीब प्रवासी श्रमिकों एवं जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की है। डॉ. ताहेरा एहसान को भारत के राजदूत के तौर पर एकेडेमी ऑफ यूनिवर्सल ग्लोबल पीस यूएसए और अमेरिकन यूनिवर्सिटी फॉर ग्लोबल पीस यूएसए नामक संस्था द्वारा भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए मनोनीत किया गया है। प्रोफेसर डॉ मधु कृष्ण द्वारा उन सभी चयनित उम्मीदवारों (Candidate) को यही संदेश दिया कि अपने कर्तव्यों को निभाते हुए सदा इसी प्रकार अपनी मानवता का परिचय देते रहें। और दुनिया में शांति कायम रखने मे योगदान दें।

# गांधीनगर के टैक्सी चालको ने टैक्सी बंद कर भारत बंद को किया समर्थन

दिनांक 11 अक्टूबर 2021 के दिन भारत बंद होने का ऐलान पूरे भारत में चल रहा है। इसी के दौरान मुम्बई नगर में एक गांधीनगर है जहां के टैक्सी भाइयों ने अपने टैक्सी बंद कर दिया और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे जी के आदेश के अनुसार भारत बंद होने का समर्थन दिया। और विरोध जताया की किसान का हर नागरिक अन्नदाता है। सभी किसान भाई अगर अपना अपना योगदान नहीं देंगे तो हमारे घरों में अनाज नहीं मिलेगा। उनकी हत्या करना यानी हमारी हत्या करना पूरे देश की हत्या करना है और किसान जिंदाबाद का नारा भी लगाया और इन सभी के समर्थन में महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में रहते हुए सभी टैक्सी भाइयों को हरदम सपोर्ट करते दिखाई देते हैं। गरीबों के मसीहा श्री योगा ग्रैंड मास्टर योग गुरु राधेश्याम जी। ने सभी टैक्सी भाइयों के साथ रोड पर उतर कर बीचो-बीच विरोध प्रदर्शन किया। और कहा सभी किसान हमारे भाई हैं उनके ऊपर इस तरीके का अत्याचार कतई नहीं सहेंगे और यह भी कहा कि जो भी उनकी हत्या का जिम्मेदार है उस को कड़ी से कड़ी सजा। दी जाए फांसी की सजा दी जाए ताकि दूसरा कोई भी व्यक्ति इस तरीके का घिनौना काम किसान भाइयों के साथ ना हो। इसलिए विरोध प्रदर्शन रोड पर उतर गए टैक्सी चालक मालक और पूरी तरह से समर्थन दिया किसान भाइयों के हित में। योग गुरु राधेश्याम जबरदस्त अंदाज में उतरे रोड पर किसानों के हित में कई जगहों पर। योग गुरु राधेश्याम जी हर टैक्सी स्टैंड पर जा जाकर किसान भाइयों के साथ उनके इस धरना प्रदर्शन में उतरे और विरोध भी जताई योग गुरु राधेश्याम ने जय हिंद जय भारत जय संविधान



# संजय कुमार की 'दिल की धड़कन' के लिए दिलीप सेन ने तैयार किया चार गाना






**मुंबई।** हाल ही में बॉलीवुड के मशहूर संगीतकार दिलीप सेन ने अंधेरी स्थित अपने रिकॉर्डिंग स्टूडियो में पार्श्वगायिका रेखा राव, खुशबू जैन, फरहान साबरी और रविंद्र की आवाज में चार गाने रिकॉर्ड किया है। इन गीतों को उमा शंकर मौर्या ने लिखा है। ये सभी गीत नई हिंदी फिल्म 'दिल की धड़कन' में फिल्माया जाएगा जिसका निर्माण ओम साईं फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निमार्ता संजय कुमार करेंगे।

रिकॉर्डिंग के अवसर पर दिलीप सेन ने कहा कि इस फिल्म का टाइटल बड़ा ही प्यारा है। जब निमार्ता संजय कुमार ने इसकी कहानी मुझे सुनाई तो मैं बड़ा प्रभावित हुआ और मुझे लगा कि एक अरसे बाद मैं अपने पुराने अंदाज में रोमांटिक मूड में काम करूंगा जो सदाबहार है। निमार्ता संजय कुमार ने फिल्म की कहानी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पूरी तरह से एक ग्रामीण अंचल की प्रेम कहानी को प्रस्तुत करेगी। इसमें जात पात, ऊंच नीच के भेदभाव को दशार्या जाएगा। हीरो हीरोइन के बचपन के प्यार का जवानी में क्या अंजाम होता है, यही पूरी फिल्म में देखने को मिलेगी। इस फिल्म के माध्यम से सामाजिक कुरीति के खिलाफ आवाज उठाया जाएगा। निमार्ता संजय कुमार, बरखेड़ा कलां पीलीभीत यूपी में अपनी जन्मभूमि ग्राम दियोहना का नाम नहीं भूले हैं साथ ही कर्मभूमि मुंबई व शाहजहांपुर को भी नहीं भूल सकते। वह समाज हित में कार्य भी करते रहते हैं इसलिए वह फिल्म की शूटिंग बरखेड़ा कलां पीलीभीत, यूपी में बहुत जल्दी करने वाले हैं जिससे स्थानीय कलाकारों को भी काम करने का मौका मिलेगा।

# जय किसान जय जवान
# किसान एकता जिंदाबाद

11 अक्टूबर 2021 भारत बंद इसलिए रखा गया जो उत्तर प्रदेश लखीमपुर, खीरी में जो किसानो के साथ हुआ भाजपा के मंत्री के लड़के नए अपनी गाडी से किसानो को कुचला है उन दोषियों को सजा दो और उस भाजपा के मंत्री पद से हटाओ। महाराष्ट्र महाविकास आघाडी सरकार ने महाराष्ट्र में भारत बंद को कामयाब किया वैसे महाराष्ट्र के मुंबई शहर में भी प्रदर्शन हुआ जिसमे पंचायती गुरद्वारा गुरु नानक नगर एल बी एस मार्ग घाटकोपर (वेस्ट) के पास प्रदर्शन किया गया जिसमे मौजूद पंचायती गुरद्वारा गुरु नानक नगर की कमिटी मेंबर्स चेयरमैन मान सिंह, गुरचरण सिंह प्रेजिडेंट, संतोक सिंह वाईस प्रेजिडेंट, जसबीर सिंह खजिनदर, तेजीन्दर सिंह सेक्रेटरी और साद संगत और आस पास के दुकानदारों नए साथ दिया गुरद्वारा गुरु नानक पंजाबी दरबार सी एस टी रोड कुर्ला (वेस्ट) के मेंबर्स जोगिंदर सिंह, जागिंदर सिंह, बावा सिंह और अन्य मौजूद। जय हो सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के मेंबर्स अमरजीत सिंह कोच्छर, निसार अहमद खान,जय हिंद कुमार प्रजापति, रमजान अली चौधरी, सुखबीन्दर सिंह, अरशद शेख, अब्दुल्ला शेख, रफीक खान, मेघराज खाणेता, शोएब खान, अब्दुल समद सय्यद, जीतेन्द्र जाधव, किरत सिंह कोच्छर, अजय यादव, कलीम शाह, मेहराज रेहमानी, राजविंदर सिंह और अन्य मौजूद, रफीक भाई के के ग्रुप।




# कोयले की कमी के चलते मुंबई में बिजली संकट, महाराष्ट्र में 13 पावर प्लांट बंद

**मुंबई।** कोयले की किल्लत का असर अब दिखने लगा है। देश के कई हिस्सों से बिजली संकट की खबरें आ रही है। आर्थिक राजधानी मुंबई में भी इसका असर दिखने लगा है। महाराष्ट्र में 13 पावर प्लांट बंद हो गए हैं। लिहाजा राज्य में 3.300 मेगावाट बिजली की कमी हो गई है।

मुंबई को छोड़ कर राज्य के बाकी हिस्सों में रविवार को 18.000 मेगावाट बिजली की कमी थी। हालांकि केंद्र सरकार बार-बार कह रही है कि कोयले की आपूर्ति में जल्द सुधार आएगा।

अंग्रेजी अखबार के मुताबिक चंद्रपुर। भुसावल। नासिक और कुछ अन्य जगहों पर पावर प्लांट काम नहीं कर रहे हैं। राज्य के ऊर्जा विभाग ने पनबिजली और दूसरे स्त्रोतों से फिलहाल बिजली सप्लाई लेने की कोशिश कर रही है। बिजली विभाग ने भी लोगों से अपील की है कि वे पीक आवर्स में सुबह 6 बजे से 10 बजे तक और शाम 6 से 10 बजे तक बिजली का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर ही करें।'

## कोयले का स्टॉक कम

इस बीच ऊर्जा सचिव दिनेश वाघमारे ने कहा। हमारे पास कोयले का स्टॉक है जो सिर्फ डेढ़ दिन चलेगा। हम बार-बार केंद्र से कोयला मांग रहे हैं। हमें भेजा गया कोयला पर्याप्त नहीं है।

ऐसे हालात में हमें लोड शेडिंग करनी होगी। इस बीच मंत्रालय ने यह चेतावनी भी दी कि अगर कोई बिजली वितरण कंपनी पीपीए के अनुसार बिजली उपलब्ध होने के बावजूद लोड शेडिंग का सहारा लेता है। तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि देश में कोयला आधारित बिजली उत्पादन इस साल सितंबर तक 24 प्रतिशत बढ़ा है। बिजली संयंत्रों को आपूर्ति बेहतर रहने की वजह से उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है।

## सरकार का दावा- कोयले का पर्याप्त भंडार

इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि कोयले की कमी की वजह से देश में बिजली संकट पैदा हो सकता है। इसके बाद मंत्रालय ने एक बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा।

कोयला मंत्रालय आश्वस्त करता है कि बिजली संयंत्रों की जरूरत को पूरा करने के लिए देश में कोयले का पर्याप्त भंडार है। इसकी वजह से बिजली संकट की आशंका पूरी तरह गलत है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# नरौली में विहिप कार्यकर्ताओं ने फूँका पाकिस्तान का पुतला

**संवाददाता/अरमान उलहक**

**सम्भल।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में हुई धर्म के आधार पर हिंदुओं की हत्या को शर्मनाक और अमानवीय दुष्कृत्य बताया। रोष व्यक्त करते हुए आतंकवाद का पुतला जलाया और सरकार से ऐसी घटना दोबारा ना होने की जिम्मेदारी निभाने की हिदायत दी।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला सेवा प्रमुख राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि धर्म के आधार पर हिंदू और मुस्लिमों को अलग करके केवल और केवल हिंदू सिखों को मौत के घाट उतारना समझ में आता है कि जम्मू कश्मीर में आतंकी केवल एक ही धर्म विशेष से हैं। एक बार फिर से सिद्ध हो गया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता ऐसा कहना बहकाने के बराबर है। वास्तव में आतंकवाद का एक ही धर्म है और एक ही कर्म है की हिंदुओं को मारना उन्हें कम करना। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के लोगों ने आतंकवाद का पुतला साहूकारा मोहल्ला में बनाया और पाकिस्तान हाय हाय, आतंकवाद हाय हाय, भारत माता की जय, वंदे मातरम के जय घोष बोलते हुए मोहल्ला साहूकारा से बाजार



जाते हुए बैंक चौराहे पर पुतले में आग लगाई। साथ ही पुतले को चप्पलों से पीट कर अपनी भड़ास निकाली। इस अवसर पर कमल सैनी ने कहा कि कश्मीर के उपराज्यपाल को दूध का दूध और पानी का पानी अति शीघ्र करना होगा। 5 हिंदुओं की निर्मम हत्या वह भी धर्म के आधार पर हत्या करना जघन्य पाप है। हिंदुस्तान की धरती पर यह सब नहीं चलने दिया जाएगा। राजेश प्रजापति ने कहा कि जिन हिंदू और सिखों को आतंकवादी दुष्कृत्य में मारा गया है उनके परिवार जनों को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए देकर इस घटना में लिप्त और सहयोगी पाए जाने वाले सभी तत्वों को सरेआम फांसी दी जाए। पुतला जलाने वालों में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

# जाति विशेष को लेकर आ रही परेशानियों का समाधान हेतू जागरूक अभियान चलेगा



**रिपोर्टर/ सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** मारवाड़ शेख सैयद मुगल पठान जिला विकास समिति के जिला प्रवक्ता नदिम बक्ष ने बताया की आज समाज के प्रति हर तरफ हो रही जाति विशेष परेशानियों के समाघान के लिए अभियान चलेगा जिला अध्यक्ष उस्ताद हाजी हमीम बक्ष ने बताया की आज हमारा समाज जो को एक जनरल जाति मे विशेष अपनी पहचान रखता हे सभी शेख सैयद मुगल पठान समाज के लोगो को घर घर जाकर अभियान के तहत समझाया जायेगा की जब भी अपने सरकारी किसी भी पत्र के लिए आवेदन करे तो जिस कॉलम मे जाति का प्रमाण होता हे उस जगह पर जाति विशेष लिखे जेसे कोई भी हे जो जिस जाति से जाना जाता हे जेसे शेख सैयद मुगल पठान हे तो उस कॉलम मे विशेष तोर ये अवश्य लिखे ताकि भविष्य मे आपको किसी अन्य परेशानियों का सामना नही करना पड़े।बक्ष ने बताया की आज आरक्षण के तहत जनरल जाति के तहत 5 प्रतिशत सरकारी नोकरी मिलती हे ओर अगर जनरल जाति का प्रमाण होने पर 10 प्रतिशत तक छूट के साथ सरकारी नोकरी के लिए आवेदन किया जा सकता हे इसी जाति विशेष परेशानियों को लेकर घर घर जाकर समाज के लोगो को जागरूक करके आने वाले वक्त मे किसी सरकारी दस्तावेज मे जाति कॉलम मे अपनी जाति विशेष लिखने के लिए अनुरोघ करके परेशानियों से निजात दिलाने के लिए समझाया जायेगा आज इस विचार मे ये रहे शामिल।उस्ताद हाजी हमीम बक्ष,उस्ताद अ वहीद खान,सिकन्दर खान, रमजान अली पप्पू, फिरोज खान, अ अजीज पठान, अनवर हुसेन, मो रईस,अशरफ पठान, मो जावेद, इरफान पठान, शोएब खान,बिलाल खान, शाबाज खान पार्षद,अकबर जेके, नबी हुसेन, सलीम खान दिनी ऐलान,रईस बक्ष माजिद खान अमजद बक्ष रईस अली, आमीन खान, अ हासीब खान,रिजवान खान,मो साकिर शेख ,मोहसीन शेख ,मो एजाज व सभी पदाधिकारी व सदस्य ने भी अपनी अपनी राय दी।

# जिले की समस्याओं के समाधान के लिए योजना मंडल की निधि का उपयोग करें –पालकमंत्री डॉ राजेंद्र शिंगणे

**बुलडाणा।** जिला योजना मंडळ जिले में विकास कार्यों और धन के वितरण का प्रभारी है। इस बोर्ड के माध्यम से जिले में मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए धनराशि उपलब्ध कराई जाती है। सदस्य जिला योजना बोर्ड के माध्यम से अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो साल से हम कॉड संक्रमण की राह पर हैं। ऐसे में जिला योजना बोर्ड को 30 प्रतिशत धनराशि कोविड समाधान योजनाओं के लिए आरक्षित करनी होगी। हालांकि, योजना बोर्ड के धन का उपयोग जिले की समस्याओं को हल करने के लिए किया जाना चाहिए, ऐसी अपील खाद्य एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री और जिले के पालक मंत्री डॉ। राजेंद्र शिंगणे ने किया।जिला योजना समिति की बैठक आज 9



अक्टूबर को जिला योजना भवन में हुई। वह उस समय बात कर रहा थे। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतापराव जाधव, जिला परिषद अध्यक्ष मनीषताई पवार, विधायक श्वेतताई महाले, विधायक अधिवक्ता आकाश फुंडकर, संजय गायकवाड़, राजेश एकड़े, विधान परिषद विधायक किरण सरनाइक, कलेक्टर एस। राममूर्ति, जिला पुलिस अधीक्षक अरविंद चौरिया आदि उपस्थित थे। हॉल में जिला योजना समिति के सदस्य भी मौजूद थे।पलक मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को कोविड नियंत्रण के लिए राशि दी गई है। शिंगाने ने कहा कि जिला योजना समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए धन का उपयोग राज्याभिषेक में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में किया जाए। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में मकान उपलब्ध कराए जाते हैं। हालांकि कुछ नगर पालिकाओं को छोड़कर जिले में घरों की डीपीआर स्वीकृत नहीं हुई है। इसके लिए नियुक्त एजेंसी को बदलने के लिए वरिष्ठ स्तर को पत्र जारी किया जाए। पात्र लाभार्थियों को मेहकर में मकान दिए जाने चाहिए। पुलिस को उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने अवैध रूप से हिरासत में लिया है। इसके लिए जिला पुलिस अधीक्षक को पुलिस सुरक्षा मुहैया करानी चाहिए।यह कहते हुए कि जिले में भूमि अधिग्रहण कर परियोजना को पूरा कर लिया गया है, संरक्षक मंत्री श्री। शिंगाने ने कहा कि कई किसानों को पूर्ण परियोजनाओं के लिए मुआवजा लंबित है। ऐसे किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। भुगतान करने के लिए अपने बेहतर सिस्टम का पालन करें।



# सादगी की पहचान है सिराज हैदर:पत्रकार स्वालेहीन अशरफी

**संवाददाता/अरमान उलहक**

**लखनऊ।** कलम हिन्दुस्तानी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र और न्यूज 28 के संभल संवाददाता स्वालेहीन अशरफी ने न्यूज 28 के लखनऊ निवासी पत्रकार सिराज हैदर से मुलाकात की। सुवालेहीन अशरफी ने अपने दिल के जज्बात जाहिर करते हुए कहा कि सिराज हैदर भाई एक सादा मिजाज और उच्च विचार के धनी व्यक्ति है उनका स्वभाव दोस्ताना है और वह हमेशा समाज सेवा मे निरंतर लगे रहते हैं।

उन्होंन कहा कि लखनऊ मे जब हमारी मुलाकात सिराज भाई से हुई तो उनका मिजाज देखकर दिल बहुत खुश हुआ वहीं सिराज हैदर ने भी सम्भल के वरिष्ठ पत्रकार स्वालेहीन अशरफी के द्वारा पत्रकारिता के माध्यम से की जा रही समाज सेवा की जमकर सराहना की और जीवन में तरक़्क़ी उन्नति खुशहाली की दुआएं दीं।

## धूम्रपान और रक्तचाप ही नहीं

# प्रदूषण से भी बना रहता है हृदय गति रुकने का खतरा



**हाल ही में एक अध्ययन से पता चला है कि अगर आप सालों से वायु प्रदूषण और यातायात के शोर के बीच रहते हैं तो हृदय गति रुकने का खतरा बढ़ सकता है। अगर आप धूम्रपान करते हैं और रक्तचाप के शिकार हों तो ये जोखिम और भी गंभीर हो जाता है। इस अध्ययन के निष्कर्ष जर्नल आफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित हुए हैं।**

डेनमार्क की यूनिवर्सिटी ऑफ कोपेनहेगन में पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट के प्रोफेसर और शोधकर्ता योन ही लिम का कहना है कि अध्ययन के निष्कर्ष के आधार पर लोगों में हृदय गति रुकने के जोखिम को कम करने के लिए बताए गए फैक्टर्स (कारकों) को लेकर रणनीति बनाई जानी चाहिए, ताकि उनका असर कम किया जा सके।

इस अध्ययन में डेनमार्क की 22 हजार से अधिक नर्सों का डेटा इकट्ठा किया। नर्सों से प्रश्नावली भरवाई गई, जिसमें उनके बॉडी मास इंडेक्स, लाइफस्टाइल, स्मोकिंग, शराब पीने, फिजिकल एक्टिविट, खानपान, पहले की हेल्थ और कामकाज की स्थिति के बारे में सवाल किए गए थे।

निष्कर्ष में पाया गया कि तीन साल तक फाइन पार्टिकुलेट मैटर में 5.1 यूजी प्रति घन मीटर की वृद्धि से हृदय गति रुकने की घटना में 17 फीसदी वृद्धि हुई। जबकि नाइट्रोजन डाइआक्साइड में 8.6 यूजी प्रति घन मीटर की वृद्धि से हृदय गति रुकने की घटना 10 फीसदी बढ़ी।

# बालों की शाइन और खूबसूरती को निखारने में मदद करेगा जीरे का पानी, ऐसे करें इस्तेमाल



**जीरा, सब्जियों से लेकर हेल्थ बेनिफिट्स के लिए इस्तेमाल किया जाता है। दाल में तड़कना लगाने की बात हो या फिर चावल को फ्राई करना हो, हर चीज में जीरे का इस्तेमाल होता ही है। इन दिनों वेट लॉस के लिए भी लोग जीरे के पानी को पीते हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि जीरे के पानी के भी ब्यूटी बेनिफिट्स हो सकते हैं। जीरे का पानी सेहत और स्किन दोनों को कई तरह के लाभ प्रदान करता है। स्किन के साथ ही ये बालों की शाइन और बालों से जुड़ी कई समस्या खत्म करने में मदद करता है।**

### क्या हैं इसके फायदे

जीरा पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी- बैक्टीरियल और एंटी ऑक्सीडेंट गुण होते हैं। जब स्किन की खूबसूरती की बात आती है तो रोजाना इसे पीने से शरीर के टॉक्सीन बाहर निकलते हैं और चेहरे में चमक आती है। चेहरे के दाग धब्बों के अलावा बालों की चमक के लिए जीरा पानी बेहद फायदेमंद है।

### बालों पर कैसे बनाएं जीरा पानी

इसे बनाने के लिए एक पैन में पानी को अच्छे से उबालें और इसमें जीरा डालकर अच्छे से पकाएं। पानी जब आधा रह जाए तब गैस को बंद करें और पानी छान लें। बालों पर इस्तेमाल से पहले इसे अच्छी तरह ठंडा करें और जैसे ही पानी ठंडा हो जाए तो इस पानी से स्कैल्प की अच्छी तरह मसाज करें।



### 1) हेयर फॉल कंट्रोल

जीरे के पानी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी- बैक्टीरियल गुण स्कैल्प की समस्याओं को कम करने और इसे हेल्दी रखने में मदद करते हैं। जिसकी वजह से हेयरफॉल कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

### 2) डैंड्रफ कम करता है

अगर आप बालों पर मास्क का इस्तेमाल करती हैं तो उसमें थोड़ा सा जीरे का पानी मिला लें। ऐसा करने से डैंड्रफ कम हो जाता है। आप चाहें तो बाल धोने के अंत में जीरा पानी का इस्तेमाल कर बाल धो सकती हैं। इसके एंटी इंफ्लैमेटरी गुण स्कैल्प से कई तरह के संक्रमण कम करने में मदद करता है।

### 3) शाइनी बाल

बालों पर जीरे पानी की अच्छी मसाज करने से आपको शाइनी बाल पाने में मदद मिलती है। इसके लिए आप इसमें अंडा और ऑलिव ऑयल मिला कर एक हेयर पैक बना सकते हैं।

अमेरिकी संक्रमण रोग विशेषज्ञ का कहना,

# सर्दियों में कोरोना मृत्यु दर में हो सकती है कमी



अमेरिका के शीर्ष संक्रामक रोग विशेषज्ञ एंथनी फौसी ने कहा कि इस सर्दी के मौसम में कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आने की उम्मीद है। अमेरिका के राष्ट्रपति के मुख्य चिकित्सा सलाहकार व संक्रामक रोग विशेषज्ञ एंथनी फौसी ने एक साक्षात्कार में कहा कि मुझे विश्वास है कि ठंड के मौसम में आप संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने मामलों में गिरावट के समान ही इससे होने वाली मौतों के आंकड़ों में भी कमी देखेंगे। हालांकि यह कई परिस्थितियों पर निर्भर करने वाला है। जिसमें ठंड की तीव्रता, कितने लोग घर के अंदर से काम करते हैं और वह कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कितने दिशा-निदेर्शों का पालन करते हैं, यह शामिल हैं। फौसी ने अपने साक्षात्कार में कोरोना टीका लगवा चुके समेत सभी को बाहरी समारोहों के दौरान आवश्यक रूप से मास्क पहनने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सौभाग्य से अभी पिछले कुछ हफ्तों में हमने संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने के मामलों में गिरावट देखी है। हालांकि अभी भी संक्रमण से मृत्यु दर अधिक है। सितंबर में संक्रामक रोग विशेषज्ञ ने चेतावनी दी थे कि अमेरिका में कोरोना का डेल्टा स्वरूप प्राथमिक चिंता का विषय बना हुआ है। जून में कोरोना संक्रमण मरीजों में इसकी हिस्सेदारी 13.5 फीसदी से बढ़कर 98 फीसदी तक हो गई थी। गौरतलब है कि अमेरिका में कोरोना से मरने वालों की संख्यां दुनिया के सभी देशों में सबसे अधिक है। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, महामारी की शुरूआत के बाद से अमेरिका में कोरोना संक्रमण के 44.3 मिलियन मामले सामने आए हैं, जिसमें 712,000 लोगों की मौत हुई।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

